राजधानी
वर्ष 11 | अंक 239 | पृष्ठ : 20+8=28
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
मंगलवार, 26 फरवरी 2019

amarujala.com | क्रिकेट | स्मृति मंधाना की मदद से सीरीज जीत का चौका...19 | उत्तर प्रदेश

रूफटॉप सोलर पावर संयंत्र लगाने वालों को मिला 4.5 करोड़ अनुदान

लखनऊ। अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री बृजेश पाठक ने सोमवार को प्रदेश में रूफटॉप सोलर पावर संयंत्र लगाने वाले 235 लोगों को 4.5 करोड़ का अनुदान एक क्लिक में उनके खाते में भेजा। यूपी नेडा के गोमती नगर स्थित मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में पाठक ने कहा कि प्रदेश में 4300 रुफटॉप संयंत्र लगाने का लक्ष्य था। इसमें से 1573 संयंत्र लग गए हैं। रूफटॉप ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर संयंत्रों के उपयोग के लिए जनता को जागरूक करने की जरूरत है। अनुदान पाने वालों में 135 लाभार्थी लखनऊ के हैं। लखनऊ को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा सकता है। प्रमुख सचिव अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत आलोक कुमार ने कहा कि सरकारी संस्थानों, चैरिटेबल संस्थाओं के हित में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की गई है। इसमें ग्रॉस मीटरिंग के स्थान पर नेट मीटरिंग का प्रावधान बनाने का अनुरोध किया गया है। निदेशक यूपी नेडा सुशील कुमार पटेल ने कहा कि सोलर रूफटॉप व अन्य उपभोक्ताओं को अनुदान लेने के लिए ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध हैं। ब्यूरो

अनुदान पाने वालों में 135 लाभार्थी लखनऊ के